आज बुधवार है गणेश जी का वार है

आज बुधवार है, गणेश जी का वार है, ये सच्चा दरबार है।
सबसे पहले इनको पूजे, उसका बेड़ा पार है॥

वक्रतुण्ड हैं महाकाय हैं एक दन्त कहलाते हैं,
ऋद्धि-सिद्धि को देने वाले, सबके कष्ट मिटाते हैं।
महिमा अपरम पार है, गणपति जी का वार है,
सबसे पहले इनको पूजे, उसका बेड़ा पार है॥

शिव शंकर ने क्रोध में आकर, इनके शीश को काटा है,
पार्वती की विनती पर फिर, गज का शीश लगाया है।
इनकी जय जयकार है, गणेश जी का वार है,
सबसे पहले इनको पूजे, उसका बेड़ा पार है॥

परशुराम से युद्ध हुआ तब, फरसा इन पर मारे हैं,
एक दाँत फिर टूट गया तो, एक दंत कहलाते हैं।
किरपा का भंडार है, गणपति जी का वार है,
सबसे पहले इनको पूजे, उसका बेड़ा पार है॥

लाडू पेड़ा मोदक मेरे, बप्पा जी को भाता है,
उनकी मुरादें पूर्ण हो जो, इनको भोग चढ़ाता है।
महिमा अपरम पार है, गणेश जी का वार है,
सबसे पहले इनको पूजे, उसका बेड़ा पार है॥

आज बुधवार है, गणपति जी का वार है, ये सच्चा दरबार है।
सबसे पहले इनको पूजे, उसका बेड़ा पार है॥

हिन्दीपथ.कॉम

आज बुधवार है लम्बोदर का वार है

उपर्युक्त भजन का एक अन्य स्वरूप भी बहुत प्रचलित है। वह भी इतना ही सुंदर और प्रीतिकर है। पढ़ें उस भजन के लिरिक्स हिंदी में–

आज बुधवार है, लम्बोदर का वार है।
जिसने पहले इनको पूजा, उसका बेड़ा पार है॥

जो नित नाम जपे इनका उसके घर वैभव आता है,
इनकी कृपा हुई जिस पर मन चाहा फल पाता है।
इनको दया अपार है लम्बोदर का वार है,
जिसने पहले इनको पूजा उसका बेड़ा पार है॥

कोई हो शुभ काम शुरू पहले ये पूजे जाते है,
भले देव सारे आएँ पहले गणेश जी आते हैं।
तभी सुखी परिवार है लम्बोदर का वार है,
जिसने पहले इनको पूजा उसका बेड़ा पार है॥

शिव नंदन है सबके प्यारे सबका साथ निभाते है,
अगर पुकारे भक्त कोई मूषक पे चढ़के आते हैं।
खुशियों की भरमार है लम्बोदर का वार है,
जिसने पहले इनको पूजा उसका बेड़ा पार है॥

प्यारे पुत्र है माँ गौरा के बिगड़े काम बनाते हैं,
बडी ख़ुशी से बड़े स्वाद से ये तो मोदक खाते हैं।
पूज रहा संसार है लम्बोदर का वार है,
जिसने पहले इनको पूजा उसका बेड़ा पार है॥

गणपति बप्पा को भारत में मन से पूजा जाता है,
घर में स्थापित करके दरबार सजाया जाता है।
सब उनका उपकार है लम्बोदर का वार है,
जिसने पहले इनको पूजा उसका बेड़ा पार है॥

आज बुधवार है लम्बोदर का वार है।
जिसने पहले इनको पूजा उसका बेड़ा पार है॥

हिन्दीपथ.कॉम

अन्य भजन

- आज रविवार है
- आज सोमवार है
- आज मंगलवार है
- आज बुधवार है
- आज गुरुवार है
- आज शुक्रवार है
- आज शनिवार है

हिन्दीपथ.कॉम